वी.यू. में डेयरी किसान/उद्यमी एवं लेयर प्रक्षेत्र श्रमिक प्रशिक्षण द्वय कार्यक्रम का समापन

जबलपुर। दिनांक 05 अप्रैल 2019 को नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर एवं भारतीय कृषि कौशल परिषद्, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली के संयुक्त तत्वाधान में डेयरी किसान/उद्यमी एवं लेयर प्रक्षेत्र श्रमिक प्रशिक्षण द्वय कार्यक्रम आचार्य डॉ. प्रयाग दत्त जुयाल, कुलपति, ना.दे.प.चि.वि.वि., के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। 25 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम 6 मार्च से 30 मार्च 2019 तक संचालित हुये, जिनमें राज्य के विभिन्न जिलों के 20–20 प्रशिक्षणार्थियों ने भाग लिया। समापन के अवसर पर प्रशिक्षण समन्वयक डॉ. बिस्वजीत रॉय एवं आर.पी. नेमा ने अपने–अपने विषय पर प्रशिक्षणार्थियों को विस्तृत जानकारियों से अवगत कराया।

इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. पी.डी. जुयाल, कुलपति जी ने उद्बोधित करते हुये कहा कि वर्तमान में भारतवर्ष 176.35 मिलीयन टन्स दुग्ध उत्पादन कर विश्व में प्रथम स्थान पर एवं 88 बिलियन अण्डा उत्पादन कर विश्व में तृतीय स्थान पर है। कृषि के साथ सहायक व्यवसाय के रूप में डेयरी एवं कुक्कुट पालन समेकित खेती रूप में अंगीकृत किया जावे, तभी कृषकों की दो–गुना आय–वृद्धि संभव है। ऐसे प्रशिक्षणों

की महत्ती आवश्यकता है, उन्होंने आशा व्यक्त की है, कि प्रशिक्षण के उपरांत प्रशिक्षणार्थियों इस डेयरी उद्यमिता एवं लेयर प्रक्षेत्र श्रमिक प्रशिक्षणों से प्राप्त ज्ञान का उपयोग कर अपने–अपने क्षेत्रों में प्राप्त प्रशिक्षण कौशल विकास के माध्यम से स्वरोजगार/रोजगार पाकर अपनी सामाजिक–आर्थिक स्थिति सुदृढ़ कर सकेंगे। विश्वविद्यालय में एक ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट बनाने की जरूरत पर जोर दिया जाये।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के डॉ. एस.एन.एस. परमार, अधिष्ठाता संकाय, डॉ. यशपाल साहनी, संचालक अनुसंधान सेवायें, डॉ. राजेश शर्मा, अधिष्ठाता, डॉ. एस. के. जोशी, कुलसचिव, डॉ. जे.के. भारद्वाज, संचालक प्रक्षेत्र, डॉ. सुनील नायक, संचालक विस्तार शिक्षा, डॉ. एम.एस. ठाकुर, डॉ. एस.के महाजन, डॉ. अंकलन जैन, डॉ. एस.एस अतकरे एवं डॉ. सुषमा निगम की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. अनिल कुमार गौर, नोडल अधिकारी, भारतीय कृषि कौशल परिषद, नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर एवं आभार प्रर्दशन डॉ. व्ही. एन. गौतम ने किया।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर